एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

ाणी विक्रम संवत 2083 | बरेली | रविवार, 19 जुलाई 2026,

PAGE NO. 3: MIDDLE

## एसआरएमएस मेडिकल की तीन छात्राओं को मेडल



बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के तीन छात्राओं ने 15 जुलाई को लखनऊ में आयोजित अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह में गोल्ड और सिल्वर मेडल हासिल कर संस्थान का मान बढ़ाया। एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के 2022 बैच की डॉ. निष्ठा भारद्वाज (एमएस ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी), डॉ. साक्षी बंसल (एमडी रेडियोडायग्नोसिस) और डॉ. प्रज्ञा माहेश्वरी (एमडी साइकियाट्री) ने अपने–अपने पोस्टग्रेजुएट विषयों में टॉप किया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने दीक्षांत समारोह में डॉ. निष्ठा भारद्वाज को गोल्ड मेडल, डॉ. साक्षी बंसल व डॉ. प्रज्ञा माहेश्वरी को सिल्वर मेडल प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, डायरेक्टर आदित्य मूर्ति और प्रिंसिपल डा. एमएस बुटोला ने तीनों छात्राओं को बधाई दी है।